26.06.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुॅचे शुभांशु शुक्ला 41 साल बाद अंतरिक्ष में एक बार फिर एक भारतीय ने रखा कदम।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री ने इन्दौर से फसलवार–राज्यवार बैठकों का सिलसिला इन्दौर से किया शुरू।
- एक चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम कार्यकम की हुई शुरूआत, जबलपुर में गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल।
- अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर प्रदेश में जन जागरूकता कार्यकमों का हुआ आयोजन।

एक्सिओम-4

भारत ने आज उस समय इतिहास रचा, जब स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्षयान दोपहर 4 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन- आईएसएस से डॉक किया गया। इस यान के चालक दल के चार सदस्यों में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। इसके साथ ही 41 साल बाद अंतरिक्ष में भारत का कोई अंतरिक्ष यात्री पहुंचा है। यह ऐतिहासिक मिशन अमरीका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में 14 दिनों के वैज्ञानिक अभियान के लिए ले जाता है, जो लो अर्थ ऑर्बिट- एलईओ में है, और जिसे हार्मनी मॉड्यूल के अंतरिक्ष के सामने वाले पोर्ट से डॉक किया गया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन टीम को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक डॉकिंग करने के लिए बधाई दी है।

शिवराज सिंह इंदौर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज फसलवार–राज्यवार बैठकों का सिलसिला इन्दौर से शुरू किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इंदौर में आयोजित समीक्षा बैठक और कार्यशाला में हिस्सा लिया ।

## <u>संविधान हत्या दिवस</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकतंत्र भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली की आत्मा और पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास में लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती में लोकतंत्र सेनानियों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हमारा वर्तमान लोकतंत्र उनके अनथक संघर्ष और बलिदान का ही परिणाम है। इस अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत की उपस्थित में वीर लोकतंत्र सेनानियों को ताम्रपत्र भेंट किए गए।

## <u>गडकरी टोल टैक्स</u>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री गडकरी ने कहा कि दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर पूरी छूट जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं।

## <u>'एक चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम'</u>

प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ समझाने के लिए 'एक चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम' कार्यक्रम शुरू fd;k है। इसकी शुरुआत आज जबलपुर से हुई। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा प्राकृतिक खेती मध्यप्रदेश में होती है।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर स्मार्ट सिटी ऑफिस से ग्वालियर-बेंगलुरु ट्रेन का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ग्वालियर-बेंगलुरु साप्ताहिक रेल सेवा के शुभारंभ का यह कार्यक्रम ग्वालियर में आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ यादव इस कार्यक्रम से स्मार्ट सिटी जबलपुर के ऑफिस से वीसी के माध्यम से जुड़े थे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुये। केंद्रीय मंत्री संचार ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर में शामिल हुए।

रतलाम इंडस्ट्री

औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को समर्पित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का कल रतलाम में आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर रतलाम में "एमपी राइज 2025" कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे तथा रीवा, सागर, अलीराजपुर और पीथमपुर में रोजगारमूलक औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। इस कॉन्क्लेव की थीम "सफल उद्यमी, समृद्ध उद्योग, समावेशी विकास है।" कॉन्क्लेव में 243 करोड़ रुपये लागत के 16 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों का भूमि-पूजन और 11 राज्य क्लस्टर्स का लोकार्पण किया जाएगा। दो लाख से अधिक हितग्राहियों को 2400 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि वितरित की जाएगी।

नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

आज अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि यह दिन समाज को सतर्क एवं जागरूक करता है कि नशा नाश की जड़ है। सभ्य, उन्नतशील व शिक्षित समाज में इसके लिए कोई स्थान नहीं है। कंट्रोल ब्यूरो भोपाल जोन द्वारा 12 जून से आज तक नशामुक्त पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को बाइक रैली, साइकल रैली और नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जागरूक किया गया।

वक्फ संपतियों

वक़्फ सम्पत्तियों के डिजिटलाइजेशन के कार्य में देश में मध्यप्रदेश मॉडल बनकर उभर रहा है। प्रदेश में वक़्फ सम्पत्तियों के डिजिटलाइजेशन का कार्य अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। प्रदेश की सभी 15003 वक़्फ सम्पत्तियों के डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जा चुका है। पहले स्तर पर वक़्फ बोर्ड द्वारा डिजिटलाइजेशन के कार्य का वेरिफिकेशन कर लिया गया है। दूसरे स्तर पर राजस्व विभाग द्वारा जिला स्तर पर वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। अब तक कुल डिजिटलाइजेशन सम्पत्तियों में से 2425 सम्पत्तियों का वेरिफिकेशन राजस्व विभाग द्वारा किया जा चुका है। उज्जैन, विदिशा, भोपाल, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, इंदौर, धार, बुरहानपुर, देवास और मंदसौर जिलों की सभी वक़्फ सम्पत्तियों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है।

समाचार संक्षेप में .....

- मंदसौर में मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत मच्छर जनित बीमारियों ls बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन धुंधड़का में किया गया।
- शहडोल जिले में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के चयनित 402 गांवों में जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जागरुकता व संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- कटनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के जलदूतों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत बड़वारा में राज्य स्तर से मास्टर ट्रेनर , पर्यावरणविद द्वारा जलदूतों को प्रशिक्षण दिया गया।